मां गुफा से बाहर आजा नवरात्रे तेरे आए हैं

मां गुफा से बाहर आजा नवरात्रे तेरे आए हैं,
भक्तों को दर्शन दिखा जा नवरात्रे तेरे आए हैं.....

भक्तों ने तेरा भवन सजाया,
चौकी सजाई ज्योत जलाई,
ज्योति में दर्श दिखा जा नवरात्रे तेरे आए हैं.....

भक्तों ने तेरा चोला सजाया,
गोटा किनारी उसमें लगाया,
चुंदरी में दर्श दिखा जा नवरात्रे तेरे आए हैं.....

भक्तों ने तेरी करी है कढ़ाई,
पार करो जगदंबे माई,
तू आंके भोग लगा जा नवरात्रे तेरे आए हैं.....

भक्तों ने तेरी की अरदासा,
पूरी करो मां सब की आशा,
मां नैनों की प्यास बुझा जा नवरात्रे तेरे आए हैं.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25689/title/maa-gufa-se-bahar-aaja-navratre-tere-aaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |